Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 29-11-2005

Participants : Aditya Nath Shri

>

Title : Regarding acute shortage of LPG in the Country.

योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर) : अध्यक्ष जी, मैं भी इसी मुद्दे पर आपका और सदन का ध्यान आकर्ाित करना चाहता हूं। पिछले डेढ़ वर्ा में यूपीए की सरकार ने 50 रुपये प्रति-सिलेंडर घरेलू एलपीजी पर बढ़ाया है। लेकिन त्योहारों और पर्वों के अवसर पर घरेलू उपभोग में आने वाली एलपीजी की किल्लत का जिस तरह से लोगों को सामना करना पड़ा है, उससे लोगों में आक्रोश बढ़ा है। सामान्य जन में बड़ी तेजी के साथ दो बातें फैली हैं। एक, केन्द्र सरकार ने एलपीजी का कोटा आधा कर दिया है। अगर केन्द्र सरकार ने कालाबाजारी को बढ़ावा देने के लिए एलपीजी का कोटा आधा किया है तो तुरंत इसको बहाल किया जाए और घरेलू उपभोग में आने वाली एलपीजी गैस के कोटे को पूर्व की भांति, जिस तरह से एनडीए सरकार ने कोटा बहाल किया था वही कोटा सुलभ कराया जाए। जो सब्सिडी सरकार द्वारा तेल कंपनियों को मिलती थी वह सब्सिडी भारत सरकार ने तेल कंपनियों पर छोड़ दी है कि वह सब्सिडी तेल कंपनियां वहन करेंगी। महोदय, इस प्रकार की स्थिति आ रही है कि तेल कंपनियां उस एलपीजी के सेलेंडर की सुविधा को बहाल नहीं कर पा रही हैं। जनमानस में भारी आक्रोश है क्योंकि सरकार ने नीति बनाई है कि 40 दिनों में एक 14 किलो का गैस सिलेंडर एक परिवार में चलेगा, लेकिन यह संभव नहीं लगता है क्योंकि वह सिलेंडर

मुश्किल से 20-22 दिन ही चल पाता है। कोटा आधा जो किया गया है वह जनमानस को आक्रोशित कर रहा है और लोग उससे त्रस्त हैं। इसलिए उस कटौती को दूर करके, उस कोटे को बहाल किया जाए।

SHRI BRAJA KISHORE TRIPATHY (PURI): I also associate.

MR. SPEAKER: This is not right. I will not permit this. One has to give a notice.